ज्ञानदीप

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग संस्थान, पुणे – 411 001
(आई. एस. ओ. : 9001 प्रमाणित भारतीय रेल का प्रथम केंद्रीकृत प्रशिक्षण संस्थान)
Government of India
Ministry of Railways
INDIAN RAILWAYS INSTITUTE OF CIVIL ENGINEERING PUNE 411001
(Indian Railways First ISO-9001-2000 Certified Centralized Training Institute)

संस्थान – डी ओ टी (020)
26122271, 26123436
26123680, 26113455
रेलवे – 55222, 55862

छात्रावास – डी ओ टी (020)
26130579, 26126816
26121669
रेलवे – 53101, 53102, 253103

फैक्स: 020-26128677
रेलवे: 55860,
ई–मेल: mail@iricen.gov.in
टेलीग्राम: रेलपथ
वेब साइट : www.iricen.gov.in

वर्ष – 13 **अंक – 52** **अक्टूबर–दिसंबर 2009**

इरिसेन परिवार की ओर से सभी पाठकों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं।


इस अंक में

1. इरिसेन में डिस्टेंस लर्निंग प्रोग्राम का शुभारंभ
2. इरिसेन को उप विजेता का शील्ड
3. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (नि.) का सेमिनार
4. रेलपथ मानक समिति की 80वीं बैठक
5. प्रधान मुख्य इंजीनियरों का सेमिनार
6. सरकारी–निजी साझेदारी पर विशेष पाठ्यक्रम
7. मुख्य पुल इंजीनियरों का सेमिनार
8. सतर्कता जागरुकता सप्ताह का आयोजन
9. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 105वीं बैठक
10. अन्य पाठ्यक्रम
11. बधाई/शुभकमानाएँ
12. शब्द ज्ञान
13. कविता
14. आपका पत्र

13 वर्ष का आखिरी अंक आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए हमें अपार हर्ष हो रहा है। यह वर्ष हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। प्रारंभ से लेकर अंत तक उपलब्धियों का वर्ष रहा है। तकनीकी विधा पर नित नई खोज और उन पर नए–नए पाठ्यक्रम तैयार करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। वर्ष 2009 फिल्म निर्माण, पुस्तक लेखन, विडियो कॉन्फ्रेंसिंग, विविध नए विषयों पर पाठ्यक्रम हेतु पाठ्य सामग्रियां तैयार करना, प्रोजेक्ट हेतु सामग्री उपलब्ध कराना, कार्यक्षेत्र में उन्नति पर निरीक्षण हेतु अध्ययन दौरा पर ले जाना और संस्थान द्वारा प्रशिक्षण और उससे जुड़े हर पहलू पर पैनी दृष्टि रखकर नए–नए आयाम तय करना तथा विश्वस्तरीय संस्थान को उन्नति के शिखर पर पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। इन सभी विषयों पर ताजातरीन सूचना ज्ञानदीप के माध्यम से देना हमारा अविचल कर्तव्य है। आपके अमूल्य सुझाव आमंत्रित हैं।

– मुख्य संपादक

1. इरिसेन में डिस्टेंस लर्निंग प्रोग्राम का शुभारंभ



सदस्य इंजीनियरी, रे.बो., श्री राकेश चोपड़ा एवं निदेशक, इरिसेन, श्री ए.के. गोयल डिस्टेंस लर्निंग प्रोग्राम का शुभारंभ करते हुए।

दिनांक 24 दिसंबर, 09 को सदस्य इंजीनियरी, रेलवे बोर्ड माननीय श्री राकेश चोपड़ा के हाथों इरिसेन में ''दूर–अध्ययन'' कार्यक्रम (डिस्टेंस लर्निंग प्रोग्राम) का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम के द्वारा इरिसेन के प्राध्यापक, इरिसेन से ही क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्रों तथा मंडल प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षु पर्यवेक्षकों की कक्षा का संचालन कर पाएंगे सॉफ्टवेयर संचलित इस दूर–अध्ययन कार्यक्रम की खूबी इसकी लागत का कम होना है।

इसके लिए केवल साधारण कंप्यूटर, इंटरनेट कनेक्शन, वेबकैम, स्पीकर तथा माइक की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम के द्वारा इरिसेन की कक्षाओं का संचलन अ अ मा सं, लखनऊ, रेलवे बोर्ड के अधिकारी अपने स्थान से ही कर पाएंगे। समूची कक्षा (ऑडियो, विडियो, पावर प्वाइंट तथा सफेद बोर्ड) का रेकॉर्डिंग किया जा सकता है ताकि बाद में ई–लर्निंग के काम आ सके।

शुभारंभ करते हुए माननीय सदस्य इंजीनियरी ने इसे इंजीनियरिंग विभाग के लिए एक उपलब्धि बताया तथा इसका अधिकाधिक उपयोग करने के लिए कहा। शुभारंभ के उपलक्ष्य में माननीय सदस्य इंजीनियरी ने अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए नगद ईनाम की भी घोषणा की।

इरिसेन इसके लिए श्री निजामी, क.इंजी.(कंप्यूटर) एवं उनकी टीम को बधाई देता है।

संरक्षक
ए. के. गोयल
निदेशक
भा.रे.सि.इं.सं.पुणे

मुख्य संपादक
मनोज अरोरा
उप मुख्य राजभाषा अधिकारी
एवं प्राध्यापक, ट्रैक मशीन

संपादक
अरुणाभा ठाकुर
राजभाषा अधीक्षक

2. इरिसेन को उप विजेता का शील्ड



श्री वी.एस.परशीरा, सचिव रा.भा.गृ.मं. न. दिल्ली श्री मनोज अरोरा, उपमुराधि एवं प्रा. ट्रैक म. को शील्ड देते हुए

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, पुणे के तत्वाधान में यशदा पुणे में दिनांक 22 दिसंबर, 09 की आयोजित बैठक में इरिसेन को पुणे नगर के सभी 105 कार्यालयों में राजभाषा के कार्य में उप विजेता घोषित किया गया। इरिसेन की ओर से यह शील्ड श्री मनोज अरोरा, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्राध्यापक, ट्रैक मशीन के द्वारा मुख्य अतिथि श्री वीरसिंह परशीरा, सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली के कर कमलों से प्राप्त किया गया।

श्री मुकुल श्रावत, न्यायिक सदस्य, आयकर अपीलीय अधिकरण की अध्यक्षता, श्री एस.पी.दीक्षित, निदेशक सी–डैक की उपाध्यक्षता एवं सी–डैक के ही श्री हेमंत दरबारी, सदस्य सचिव की देखरेख में विगत एक वर्ष में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, पुणे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। विगत एक वर्ष में कवि गोष्ठी, संगोष्ठी, का आयोजन एवं एक उच्च स्तरीय चार सदस्यीय टीम का गठन कर विभिन्न कार्यालयों में हिंदी के कार्य का प्रत्यक्ष निरीक्षण कर प्रोत्साहन स्वरुप दो चल शील्ड एवं प्रशस्ति पत्रों का शुभारंभ किया है। इसी प्रत्यक्ष निरीक्षण के उपरांत इरिसेन कार्यालय को उप विजेता का शील्ड एवं प्रशस्ति–पत्र दिया गया। पूर्णत: तकनीकी संस्थान होते हुए भी निदेशक के संरक्षण में राजभाषा संबंधी कार्य सहजता से प्रगति पथ पर है। इरिसेन इस सम्मान को पाकर आहलादित है।

3. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (नि.) का सेमिनार



मु.प्र.अधि.(नि.) सेमिनार में श्री राकेश चोपडा, स.इंजी., रे.बो. एवं श्री ए.के.गोयल, निदेशक इरिसेन, पुणे व अन्य सदस्य

दिनांक 23 एवं 24 दिसंबर, 09 को इरिसेन में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) का सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें सदस्य इंजीनियरिंग रेलवे बोर्ड, रेलवे बोर्ड के का.निदे., (कार्य), निदे.(कार्य) तथा सदस्य इंजी. के विशेष कार्य अधि. तथा आरडीएसओ के निदेशक, सा.इंजी. एवं विभिन्न रेलों के मु.प्र.अ.(नि.), मु.इंजी.(नि.), उपस्थित हुए। सदस्य इंजीनियरिंग, रेलवे बोर्ड ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित किया साथ ही, कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा भी की।

क्षेत्रीय रेलों के निर्माण संगठन से प्राप्त विभिन्न कार्यसूची मदों पर चर्चा की गई और निम्नलिखित प्रस्तुतीकरण भी दिए गए : मु.प्र.अ.(नि), म.रे. द्वारा प्रोजेक्ट इनिसिएशन एंड प्लानिंग आरइसीटी/पीइसीटी/ ऐब्सट्रैक्ट एस्टीमेट एंड प्रोजेक्ट रिपोर्ट, मु.प्र.अधि.(नि), पू.म.रे.(द) द्वारा 'स्टील ब्रिज कंस्ट्रक्शन प्लानिंग एंड एक्जीक्यूसन; क्वालिटी एश्योरेंस एंड इम्पोर्टेंट आस्पेक्ट्स', मु.प्र.अधि. (नि) द. रेल द्वारा 'यूज ऑफ फ्लैशबट वेल्डिंग इन कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट, लाँग रेल फॉर,NL, GC, DL प्रोजेक्ट्स', मु.प्र.अधि.(नि) द.पू.म.रेल तथा प.रे. द्वारा 'प्रोफेशनलिज्म इन सर्वे इंक्लूडिंग फाइनल लोकेशन सर्वे एंड प्रीपैरेशन ऑफ प्रोजेक्ट रिपोर्ट'। इस सेमिनार में निर्माण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा कर उन पर निर्णय लिया गया। सेमिनार की सार्थकता को देखते हुए इसकी बहुत सराहना की गई।

4. रेलपथ मानक समिति की 80 वीं बैठक



रेलपथ मानक समिति की 80 वीं बैठक का दृश्य

आरडीएसओ के तत्वाधान में दिनांक 3 एवं 4 दिसंबर 09 को इरिसेन, पुणे में रेलपथ मानक समिति की बैठक आयोजित की गई थी। निदेशक, इरिसेन की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (सिविल इंजीनियरिंग), आरडीएसओ के कार्यकारी निदेशक, रेलपथ, एवं रेलपथ मानक समिति के सदस्य सचिव बैठक में उपस्थित थे। बैठक में कार्यसूची की अन्य मदों पर चर्चा के अलावा निम्नलिखित प्रस्तुतीकरण भी दिए गए :–

बायर द्वारा 'ड्युराफ्लेक्स एप्लिकेशन ऑन बालास्ट फॉर ट्रैक टैक्नालॅजि', बेस्को द्वारा 'इन सीटू रिकंडिशनिंग ऑफ सीएमएस क्रॉसिंग्स', रिलाएंस द्वारा 'जिओ सिन्थेटिक्स'। बैठक में विभिन्न रेलों से 25 अधिकारी उपस्थित हुए। बैठक उद्देश्यपूर्ण रहा।

5. प्रधान मुख्य इंजीनियरों का सेमिनार



प्रधान मुख्य इंजीनियर के सेमिनार का दृश्य

दिनांक 19 एवं 20 नवंबर, 09 को प्रधान मुख्य इंजीनियरों के समक्ष आनेवाली सामान्य कठिनाईयों के संबंध में चर्चा हेतु मंच प्रदान करने के उद्देश्य से इरिसेन में प्रधान मुख्य इंजीनियरों का सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में अपर सदस्य सि.इंजी./रेलवे बोर्ड भी उपस्थित थे। विभिन्न क्षेत्रीय रेलों के कार्यसूची की मदों पर चर्चा की गई। निम्नलिखित प्रस्तुतीकरण भी दिए गए। वरिष्ठ प्राध्यापक, पुल–2, इरिसेन द्वारा 'टीआईजी बेस्ड ट्रैक मेंटेनेन्स'। वरिष्ठ प्राध्यापक, रेलपथ–2, इरिसेन द्वारा 'रेल ग्रांइडिंग'। सोनवीर सिंह, कार्यकारी निदेशक, रेलपथ–1, आरडीएसओ द्वारा 'इफेक्ट ऑफ हायर एक्सेल लोड ऑन ट्रैक', वरिष्ठ प्राध्यापक पुल–1, इरिसेन द्वारा 'न्यू लोडिंग पॉलिसी', निदेशक, टीएमएस, रेलवे बोर्ड द्वारा 'टीएमएस' इत्यादि। प्रतिभागियों द्वारा सेमिनार की बहुत प्रशंसा की गई।

6. सरकारी–निजी साझेदारी पर विशेष पाठ्यक्रम



सरकारी–निजी साझेदारी के बैठक में निदेशक श्री ए.के.गोयल चर्चा करते हुए

इरिसेन में दिनांक 23 से 25 नवंबर, 09 तक पहली बार 'सरकारी–निजी साझेदारी' पर निर्माण एवं ओपेन लाइन संगठन व सार्वजनिक उपक्रमों के समकक्ष वरिष्ठ प्रशासनिक श्रेणी/चयन श्रेणी/कनिष्ठ प्रशासनिक श्रेणी अधिकारियों के लिए 03 दिन का विशेष पाठ्यक्रम आयोजित किया गया। अतिथि व्याख्याता के रुप में व्याख्यान देने के लिए प्रतिष्ठित व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया था। रेलवे एवं सार्वजनिक उपक्रमों के 24 अधिकारियों ने पाठ्यक्रम में हिस्सा लिया। इस पाठ्यक्रम में सरकारी–निजी साझेदारी के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। पाठ्यक्रम उद्देश्यपूर्ण एवं सार्थक रहा। प्रतिभागियों द्वारा पाठ्यक्रम की सराहना की गई।

7. मुख्य पुल इंजीनियरों का सेमिनार

संस्थान में दिनांक 16 से 17 नवंबर, 09 तक मुख्य पुल इंजीनियरों के लिए एक सेमिनार आयोजित किया गया। क्षेत्रीय रेलों द्वारा प्रस्तावित विभिन्न कार्यसूची मदों पर चर्चा की गई तथा निम्निलिखित प्रस्तुतीकरण



मुख्य पुल इंजिनियरों के सेमिनार का दृश्य

भी दिए गए :

कार्यकारी निदेशक (सिविल इंजीनियरिंग/पुल एवं संरचना) आरडीएसओ द्वारा 25 टन लोडिंग के लिए 'चेकिंग सुटैबिलिटी ऑफ एक्झिस्टिंग ब्रिजेज' एवं 'सिस्मिक डिजाइन ऑफ रेलवे ब्रिज – स्टेट ऑफ–द–आर्ट एंड स्ट्रेटेजी', निदेशक (पुल एवं संरचना) आरडीएसओ द्वारा 'कैलकुलेशन ऑफ फटिग लाईफ ऑफ ब्रिजेज' – डेमो विथ एक्सेल शीट। प्राध्यापक/पुल इरिसेन द्वारा 'डिफरेन्ट टाइप्स ऑफ इंस्पेक्शन अरेंजमेंट फॉर ब्रिजेज' मुख्य पुल इंजीनियर, मध्य रेल द्वारा 'प्राब्लेम बिइंग फेस्ड इन यूजिंग न्यू इंस्पेक्शन वेहिकल' एवं 'इहेगॉव वैडक्ट', मुख्य पुल इंजीनियर, पूर्व तटीय रेल द्वारा 'हैवी कोरोजन ऑन स्टीअल गर्डर्स इन इसीओआर', मुख्य पुल इंजीनियर, उत्तरी सीमांत रेल द्वारा 'क्रैक्स इन जोगीघोपा ब्रिज–पॉसिबल कॉजेज'। प्रतिभागियों द्वारा सेमिनार की सराहना की गई।

8. सर्तकता जागरुकता सप्ताह का आयोजन

संस्थान में दिनांक 03 नवंबर से 07 नवंबर, 2009 तक सतर्कता जागरुकता सप्ताह का आयोजन किया गया। जागरुकता सप्ताह के प्रारंभ में दिनांक 03 नवंबर, 09 को 11.00 बजे संस्थान के सभी अधिकारियों, प्रशिक्षु अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कर्तव्य के प्रति जागरूकता एवं सत्यनिष्ठा बनाए रखने के लिए प्रतिज्ञा ली गई।



निदेशक/इरिसेन श्री ए.के.गोयल एवं व.उप. महाप्रबंधक, प.रेल श्री ओ.पी.अग्रवाल

दिनांक 07 नवंबर, 09 को सतर्कता जागरुकता सप्ताह के अवसर पर रेल के कार्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन एवं पारदर्शिता लाने हेतु किए जाने वाले पूर्वोपाय पर पश्चिम रेल के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक श्री ओ. पी. अग्रवाल को व्याख्यान देने हेतु संस्थान में आमंत्रित किया गया था। प.रे. के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक श्री अग्रवाल ने बिल्डिंग कार्यों, भूमि कार्यों, कंक्रीट एवं बैलास्ट आपूर्ति, ठेका एवं विवाचन, सामान्य कार्यों इत्यादि में अपनाई जा सकनेवाली सतर्कता पहलू पर विस्तार से व्याख्यान दिया। श्री अग्रवाल ने व्याख्यान के दौरान रेल प्रणाली की कुछ महत्वपूर्ण हिस्सों पर भ्रष्टाचार रोकने में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका पर प्रकाश डाला। सभी संकाय सदस्य, प्रशिक्षु अधिकारीगण एवं कर्मचारियों ने उनका व्याख्यान ध्यानपूर्वक सुना। दर्शकों ने शंका समाधान हेतु व्याख्याता से सतर्कता से संबंधित प्रश्न पूछे। प्रश्नोत्तर सत्र के उपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया।

9. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 105 वीं बैठक



राजभाषा कार्यान्वयन समिति कि 105 वीं बैठक का दृश्य

संस्थान में दिनांक 10 नवंबर, 2009 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 105 वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष महोदय ने उपस्थित सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया। मध्य रेल से विशेष रुप से बैठक में उपस्थित हुए उप महाप्रबंधक (राजभाषा) श्री आशुतोष मनुज का भी अध्यक्ष ने स्वागत किया। राजभाषा के उत्तरोत्तर प्रगति पर बैठक में विशेष रुप से चर्चा की गई। रुटीन कार्य के अलावा व्याख्यान टिप्पणियों एवं तकनीकी पुस्तकों के हिंदी अनुवाद पर विशेष जोर दिया गया। प्रोमोटी अधिकारियों को हिंदी में काम करना आसान करने हेतु व्याख्यान टिप्पणियों को हिंदी में उपलब्ध कराने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए इस कार्य में और तेजी लाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। हिंदी दिवस एवं राजभाषा सप्ताह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की सराहना की गई और संस्थान में राजभाषा की प्रगति पर सभी से इसी प्रकार के सहयोग की अपेक्षा की गई। उप महाप्रबंधक (राजभाषा) मध्य रेल श्री आशुतोष मनुज ने इरिसेन में पहली बार बैठक में उपस्थित होने पर बड़ी प्रसन्नता व्यक्त की एवं प्रशिक्षण के क्षेत्र में लगे संकाय सदस्यों को गुरु के रुप में सम्मान दिया तथा अपने सुझाव व्यक्त किए। इस प्रकार बैठक सार्थकतापूर्ण उद्देश्यों के साथ संपन्न हुई।

10. अन्य पाठ्यक्रम :

- दि. 05 से 09 अक्टूबर, 09 तक रेलपथ मशीन एवं छोटी रेलपथ मशीन उपयोकर्ताओं के लिए विशेष पाठ्यक्रम ।
- दि. 26 से 30 अक्टूबर, 09 तक हाइड्रॉलिक डिजाइन, बिचेज एंड रिस्टोरेशन एंड टनेलिंग पर विशेष पाठ्यक्रम ।
- दि. 26 से 30 अक्टूबर, 09 तक भू–प्रबंधन, मॉडर्न बिल्डिंग मटेरियल पर विशेष पाठ्यक्रम ।
- दि. 16 से 20 नवंबर, 09 तक यूएसएफडी टेस्टिंग, वेल्डिंग एंड रेल ग्राइंडिंग, ट्रैक मानिटरिंग पर विशेष पाठ्यक्रम ।
- दि. 23 नवंबर से 04 दिसंबर, 09 तक व. व्यावसायिक डेवलपमेंट पर विशेष पाठ्यक्रम ।
- दि. 10 से 11 दिसंबर, 09 तक प्रशिक्षण सेमिनार ।

11. बधाई / शुभकामनाएं

अधिकारियों को जन्म दिवस पर हार्दिक बधाई

03 जनवरी – श्री नीलमणि, प्राध्यापक रेलपथ
09 जनवरी – श्री एस. के. गर्ग, वरि. प्राध्यापक कार्य
11 जनवरी – श्री नीरज कुमार खरे, सह प्राध्यापक – कार्य
21 जनवरी – श्री मनोज अरोरा, उप मुराधि एवं प्रा.ट्रैक मशीन
01 मार्च – श्री ए. के. गोयल, निदेशक
02 मार्च – श्री राजेश कुमार, वरिष्ठ प्रा. रेलपथ 1

अधिकारियों को विवाह वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई

07 जनवरी – श्री एन. आर. काले, स.का.इं. 1
18 जनवरी – श्री पी. के. गर्ग, वरि. प्राध्यापक, रेलपथ 2
02 फरवरी – श्री के. नारायण, निजी सचिव/निदेशक
09 फरवरी – श्री नीलमणि, प्राध्यापक, रेलपथ
15 फरवरी – श्री एस. के. गर्ग, वरि. प्राध्या. कार्य
17 फरवरी – श्री अजय गोयल, वरिष्ठ प्रा. पुल – 1
05 मार्च – श्री सुरेश गुप्ता, संकाय अध्यक्ष

कर्मचारियों को जन्म दिवस पर हार्दिक बधाई

01 जनवरी – श्रीमती लता राजन, वरि. अनु.अधि.(लेखा)
07 जनवरी – श्री सुंदरलाल, खलासी
12 जनवरी – श्रीमती विद्या धानेकर, कार्यालय अधीक्षक (भं)
13 जनवरी – श्री शैलेंद्र प्रकाश, सहायक ग्रंथपाल
14 जनवरी – श्री परशुराम, खलासी
21 जनवरी – श्रीमती चारुशीला ननावरे, व. चपरासी
01 फरवरी – श्री के.के. आइजैक, प्रधान लिपिक
08 फरवरी – श्री फ्रांसिस जॉन गोपालन, खलासी
10 फरवरी – श्री गौस मोहम्मद, खलासी
13 फरवरी – श्री अतुल घोडेकर, छात्रावास अधी. 1
18 फरवरी – श्री जी. जी. वारकर, कार्यालय अधीक्षक
01 मार्च – श्री शिरीष मोरे, तकनीशियन
01 मार्च – श्री विलास तावडे, खलासी
16 मार्च – श्री संजय भोसले, खलासी

कर्मचारियों को विवाह वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई

27 जनवरी – श्री सुधीर जगन्नाथ, खलासी
03 फरवरी – श्री शैलेंद्र प्रकाश, सहा. ग्रंथपाल
10 फरवरी – श्रीमती जयंती दंडपाणि, कार्या. अधी.
13 फरवरी – श्रीमती चारुशीला ननावरे, वरि. चपरासी
19 फरवरी – श्रीमती अरुणाभा ठाकुर, राजभाषा अधी.
19 फरवरी – श्री अतुल घोडेकर, छात्रावास अधी. 1
28 फरवरी – श्री के.पी.धुमाल, निजी सचिव ग्रेड 1
01 मार्च – श्री कालिदास उमाजी, प्रयोगशाला परि.
07 मार्च – श्री दयानंद बारकोजी, खलासी
08 मार्च – श्री कृष्ण बहादुर, सहायक रसोईया

12. शब्द ज्ञान :

Self confidence	आत्मविश्वास	Souvenir	स्मारिका
Service rules	सेवानियम	Semi urban	अर्ध नगरीय
Self defence	आत्मरक्षा	Speaker	अध्यक्ष, वक्ता
Social Welfare	समाजकल्याण	Sensitive	संवेदनशील
Semi Government	अर्धसरकारी	Special allowance	विशेष भत्ता

13. कविता :

वर्तमान

मैंने पूछा गुलाब से, तू इतना क्यों इतराता है,
मुरझाने के बाद तो, तू भी धूल में मिल जाता है ।।
बोला वह, कौन कहां कब, वक्त फेर पाता है
गुजरे वक्त में, इन्सां तू भी तो मुरझा जाता है ।
मुझे तो अपना भविष्य मालुम है,
पर अहंकार तुझसे ही सीखा है,
नश्वर है संसार सब,
वक्त गुजरने के बाद सब फीका है ।
सुनकर इंन्सा का जमीर जाग उठा ।
आलस्य शरीर से भाग उठा ।
कल तक जो भाग कर भाग्य पकड़ रहा था।
भाग्य के भरोसे अपने आप को जकड़ रहा था ।
और भाग्य भाग भाग कर भाग रहा था ।
झूठे घमंड में व्यर्थ ही इंन्सा अकड़ रहा था ।
भूल से वर्तमान, वर्तमान से भविष्य गढ़ता है। ,
फिर भी इंन्सा क्यों वर्तमान व भविष्य से डरता है ।
यदि दम है तो अपना वर्तमान तू सुधार ले
भविष्य के चक्कर में अपना वर्तमान मत बिगाड़ ले ।

– श्री श्याम खोचे, स.का.इंजि. 2

14. आपका पत्र

आ.मनोज जी,

भारतीय रेल सिविल इंजीनियरी संस्थान पुणे की त्रैमासिक पत्रिका ज्ञानदीप का अप्रैल – जून 09 अंक मिला धन्यवाद । इसके पूर्व के भी कई अंको का अवलोकन मैंने किया है । एक छोटी सी पत्रिका में आप इतनी सारी जानकारियां दे रही हैं, यह देखकर बहुत प्रसन्नता हुई । सचमुच आप बहुत उम्दा पत्रिका निकाल रहे हैं। यह पत्रिका अन्य संस्थाओं के लिए प्रेरक का भी कार्य करेगी ऐसी मैं कामना करता हूँ ।

आपको और आपकी टीम को हमारी बधाई और शुभकामनाएं ।

आपका,
अरविंद कुमार सिंह
परामर्शदाता,भारतीय रेल,(रेल मंत्रालय)
रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली

जो छिछला होता है, वह शब्द करता है, पर जो गंभीर होता है, वह धीमा होता है । मूढ़ व्यक्ति अधजल गगरी के समान छलकता है । परंतु ज्ञानी व्यक्ति समंदर के समान शांत होता है ।
– महात्मा गौतम बुद्ध

मनोज अरोरा, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्राध्यापक, ट्रैक मशीन, भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग संस्थान, पुणे–1 द्वारा केवल सीमित निशुल्क वितरण हेतु प्रकाशित एवं मेसर्स, **कल्याणी कॉर्पोरेशन,** 1464, सदाशिव पेठ, पुणे– 30. फोन : 24486080 द्वारा मुद्रित। (3000 प्रतियां)